Rajasthan Samgrah Kalyan Sansthan
Vol - 7 # Issue - 3
News Letter
July 2017 to September 2017

# Parivartan

राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान एक गैर सरकारी संस्थान है जो कि पिछले 25 वर्षो से गरीब वंछित समुदाय, हाशिये पर मौजूद महिलाओं के उत्थान के लिए कार्य कर रही है। राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान द्वारा महिला सशक्तिकरण, स्वयं सहायता समूह, कौशल विकास प्रशिक्षण, शिक्षा, पर्यावरण स्वास्थ्य व महिला हिंसा रोकथाम जैसे मुद्धों पर सफलतापूर्वक कार्य किया जा रहा है। राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान द्वारा **जुलाई – अगस्त – सितम्बर** त्रिमाही में किये गये सामाजिक कार्यो का विवरण इस न्यूज लेटर में निम्न प्रकार है –

- **स्वयं सहायता समूह :-** गरीब व वंचित समुदाय की महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने व साथ ही उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए संस्थान द्वारा महिलाओं को संगठित कर उनका समूह बनाया जाता है। महिलाओं को स्वयं सहायता समूह से जोड कर आईसीआईसीआई बैंक के माध्यकम से ऋण उपलब्ध कराया जाता है इस त्रिमाही में राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान द्वारा पंचायत समिति पीसांगन के विभिन्न गॉवों की 685 महिलाओं को बैंक की सहायता से ऋण उपलब्ध कराया। इस त्रिमाही में कुल 56 स्वयं सहायता समूह का गठन किया गया। और उन्हें 1 करोड 20 लाख का ऋण उपलब्ध कराया गया। स्वयं सहायता समूह द्वारा लिया जाने वाला ऋण बहुत ही कम ब्याज होने के कारण आसानी से ब्याज और किस्त जमा करा पाती है। महिलाओ को लोन से फायदा मिला है क्योंकि महिलाओं ने लोन की राशि से खुद का व्यवसाय प्रारम्भ कर दिया है जैसे बकरी पालन, सिलाई कार्य, आचार – पापड, तेल की घाणी, चप्पल बनाना आदि। महिलाओं द्वारा खोले गये व्यवसाय में तेजी आई है जिससे उन्हें टिकाऊ आजीविका प्राप्त हुई है। संस्थान द्वारा सभी स्वयं सहायता समूह की मासिक बैठक ली जाती है। बैठक में सभी महिला अपने अपने कार्य की जानकारी देती है यदि किसी महिला को समस्या आती है तो बैठक के दौरान उसे हल किया जाता है। समूह की बैठक में महिलाओं को सरकारी और बैंको की नई योजनाओं की जानकारी दि जाती है।





Rajasthan Samgrah Kalyan Sansthan
Vol - 7 # Issue - 3
News Letter
July 2017 to September 2017
Parivartan

- **हर वॉयस एण्ड स्टॉप वॉयलेंस :-** राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान महिलाओं के अधिकार और उनकी सुरक्षा के लिए समय समय पर जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन करता आ रहा है। संस्थान द्वारा लैंगिक समानता, कन्या भ्रूण हत्या, बाल विवाह, दहेज उत्पीडन, महिला हिंसा, जैसे सामाजिक मुद्धों पर जागरूकता रैली कार्यशाला, पोस्टर प्रतियोगिता, नुक्कड नाटक, कठपुतलि शो का आयोजन किया जाता है। जिससे जनसमुदाय जागरूक बन सके।








- **कार्यशाला :-** राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान द्वारा इस त्रिमाही में 89 कार्यशाला का आयोजन किया गया। पंचायत समिति पीसांगन के दुर्गम गॉवों में कार्यशाला के माध्यम से महिलाओं और ग्रामीणो को जागरूक बनाया गया। आदर्श गॉव भांवता में महिला अधिकार पर कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें सभी समुदाय की महिलाओं एवं पुरूषों ने अपनी उपस्थिती दर्ज कराई। इस कार्यशाला में संस्थान कार्यकर्ता द्वारा महिलाओं की उनके अधिकारों की जानकारी दी ओर साथ ही अच्छी कानूनी कार्यवाही का मार्ग भी बताया। इसी प्रकार अन्य कार्यशालाओं में महिला हिंसा के रोकथान व कन्य भ्रूण हत्या के रोकथाम का संदेश महिलाओं व पुरूषों को दिया गया। जिससे समाज में महिलाओं को अपना स्थान मिल सके। राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान द्वारा आयोजन सभी कार्यशाला में 560 से अधिक महिला एवं पुरूषों को प्रत्यक्ष रूप से फायदा मिला और वो जागरूक बने है।

- **हस्ताक्षर अभियान व जनजागरूकता रैली :-** राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान द्वारा इस त्रिमाही में पंचायत समिति पीसांगन के विभिन्न गॉवों में 6 हास्ताक्षर अभियान एवं जन जागरूकता रैली का आयोजन किया। हस्ताक्षर अभियान में ग्रामीण महिलाओं एवं पुरूषों ने हस्ताक्षर कर अपनी सहमती दर्ज कराई। ये हस्ताक्षर

Rajasthan Samgrah Kalyan Sansthan


Vol - 7 # Issue - 3

News Letter

July 2017 to September 2017

Parivartan


अभियान दहेज प्रथा व महिला हिंसा को रोकने के लिए आयोजित किया गया जिसमें विशाल जन समुदाय ने अपनी सहमति दि। ग्रामीण जन समुदाय को जागरूक बनाने के लिए रैली का आयोजन किया गया। इस रैली में महिलाओं ने रैली निकाल कर बेटी बचाओं बेटी पढाओं का संदेश समाज को दिया।



- **पोस्टर प्रतियोगिता :-** राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान द्वारा बालिकाओं को जागरूक बनाने के लिए विभिन्न स्कूलों में पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस पोस्टर बालिकाओं ने महिला हिंसा, कन्या भ्रूण हत्या, बाल विवाह, बालिका शिक्षा जैसे मुद्धों पर सुंदर सुदर कलाकृति चित्र बना कर समाज को एक संदेश दिया। बालिकाओं द्वारा बनाये गये चित्रों को सभी स्कूल स्टाफ व संस्थान द्वारा सराहा गया और सबसे सुन्दर पेन्टिग बनाने वाली बालिकाओं को पुरूस्कार से सम्मानित किया गया।



- **कौशल विकास प्रशिक्षण :-** राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान द्वारा गरीब, विधवा, विकलांग, सिंगल मदर, दलित महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कौशल विकास प्रशिक्षण दिया जाता है। इस त्रिमाही में संस्थान द्वारा हैण्डीक्राफट् कौशल विकास प्रशिक्षण, बेग मेंकिग प्रशिक्षण व गारमेन्ट मेकिंग व ब्यूटि पार्लर प्रशिक्षण संचालित किया जा रहा है। इन सभी प्रशिक्षणों में महिलाऍं व बालिकाऍं नियमित रूप से प्रतिदिन 5 घण्टे आ कर प्रशिक्षण प्राप्त करती है। प्रशिक्षण को सरल बनाने के कलए महिलाओं को प्रायोगिक और सैद्धान्तिक रूप से समझाया जाता है। समय समय में महिलाओं की दक्षता जॉचने के लिए मास्टर प्रशिक्षक द्वारा टेस्ट लिया जाता है और कार्य की जॉच की जाती है।



- **लाइफ स्किल एवं ईडीपी एवं खेल :-** राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान द्वारा समय समय पर प्रशिक्षण ले रही महिलाओं के कार्य के तनाव को दूर करने के लिए खेल

प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें महिलाओं की मनोरंजक खेल खिलाये गये। महिलाओं की क्षमता निर्माण के लिए महिलाओं को लाईफ स्किल व ईडीपी का प्रशिक्षण दिया गया जिसमें सभी महिलाओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया।

- **जॉब फेयर व प्रर्दशनी :-** महिलाओं को मार्केटिंग द्वारा रोजगार देने के लिए प्रर्दशनी का आयोजन किया गया। पहाडगंज क्षेत्र में संचालित हैण्डीक्राफट् की ट्रैनिंग में महिलाओं द्वारा बनाये गये उत्पाद की प्रर्दशनी लगायी गयी। इस प्रर्दर्शनी में लोगो ने बम्पर खरीददारी कर महिलाओं का उत्साहवर्द्धन किया और साथ ही प्रदर्शनी से महिलाओं को मार्केटिंग का ज्ञान भी मिला। राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान द्वारा संचालित खानपुरा क्षेत्र में ब्यूटिपार्लर प्रशिक्षण में महिलाओं के लिए जॉब फेयर का आयोजन किया गया। इस जॉब फेयर में ब्यूटिपार्लर क्षेत्र के सफल उद्यमिक द्वारा महिलाओं की दक्षता की जॉच कि गयी और इसी के आधार पर महिलाओं का चयन कर उन्हें अपने यहॉ जॉब पर रखा। इस जॉब फेयर का लाभ सभी महिलाओं को मिला और उनमें आत्मविश्वास आया अब वह अपने स्तर पर भी पार्लर का कार्य शुरू कर रही है।



- **मेक अ विश स्ट्रीट चाईल्ड :-** सडक किनारे बसने वाले व झुग्गी व कच्ची बस्ती में रहने वाले कुपोषित को राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान स्वादिष्ट खाद्य सामग्री का वितरण किया गया संस्थान द्वारा इस त्रिमाही में अजमेर शहर को कोटडा शहर में रहने वाले 105 गरीब व असहाय बच्चों को खाने का सामान बांटा गया। सभी बच्चों ने बिस्कीट, रूल, पेस्ट्री, चॉकलेट, कुरकुरे, पेटिज, जैसी स्वादिष्ट सामग्री को खाकर उनका लुफत् उठाया। सभी बच्चों को ड्रैस भी दी जिससे उनके चेहरे पर मुस्कान आ गयी और उनकी खुशी का कोई ठिकाना न रहा। संस्थान कार्यकर्ता द्वारा बच्चों को मनोरंजक खेल खिलाये जिससे बच्चों का दिन खुशनुमा बन गया।



Rajasthan Samgrah Kalyan Sansthan
Vol - 7 # Issue - 3
News Letter
July 2017 to September 2017
Parivartan



- **शिक्षण सामग्री वितरणः-** बालिकाओं की शिक्षा विकास के लिए राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान द्वारा निर्धन वर्ग की बालिकाओं को स्कूल ड्रैस व शिक्षण सामग्री का वितरण किया गया। संस्थान द्वारा विभिन्न स्कूलों की 250 से अधिक बालिकाओं को कॉपी, नोटबुक, कवर सेट, ज्योमेट्री, पेन्सिल, ड्रॉईग बुक, व पाठ्यक्रम पुस्तक वितरित कि गई। अत्यधिक निर्धन परिवार की बालिकाओं को संस्थान द्वारा स्कूल ड्रेस दी गई। अब सभी गरीब बालिकाएँ अपनी शिक्षा सरलतापूर्वक ले रही है।



- **शिक्षा :-** शिक्षा मनुष्य की सफलता की कुंजी मानी जाती है इसी मूल मंत्र के साथ राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान महिला एवं बच्चों की शिक्षा विकास के लिए सफलतापूर्वक कार्य कर रही है। राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान द्वारा त्रिमाही में शिक्षा के क्षेत्र में निम्न कार्य किये गये -
  - **उडान :-** निरक्षर व स्कूल छोड चुकी महिलाओं की शिक्षा विकास के लिए राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान द्वारा उडान स्कूल का संचालन किया जा रहा है। उडान में महिलाओं को नियमित रूप से प्रतिदिन पॉच घण्टे मध्यम स्तरीय शिक्षा दी जाती है। निरक्षण महिलाओं को अक्षर का ज्ञान, लिखना, पढना, व साथ ही साथ सामान्य गठित सिखाई जा रही है। पंचायत समिति पीसांगन क्षेत्र के सराधना व आदर्श गॉव भांवता में महिलाओं के लिए उडान स्कूल का संचालन सफलतापूर्वक किया जा रहा है। सभी महिलाएँ मन लगाकर शिक्षा ले रही है। अब वह महिलाएँ दैनिक अखबार सरलतापूर्वक पढ़ लेती है। और हिसाब किताब में माहिर हो गयी है। संस्थान



का लक्ष्य है कि उन्हें उच्च शिक्षा देकर जिला स्तरीय परिक्षा दिलाई जाये और उतीर्ण कराया जाये जिससे संस्थान द्वारा हर संभव कार्य किया जा रहा है। उडान स्कूल में पढ रही महिलाओं के जीवन स्तर में परिवर्तन देखने का मिल रहा है। महिलाओं में आत्मनिर्भर का विकास हो रहा है। और स्वयं ही सभी हिसाब किताब कर पा रही है।

- **पाठशाला :-** शिक्षा प्रत्येक बच्चो के लिए इस मूल मंत्र के साथ राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान द्वारा गॉव कवलाई व भांवता में गरीब बच्चों को बेहतर व क्वालिटी शिक्षा दी जा रही है। संस्थान द्वारा गॉव भावंता व कवंलाई में पाठशाला स्कूल के माध्यम से गरीब बच्चों को शिक्षित करने का कार्य किया जा रहा है। पाठशाला में सभी बच्चे नियमिल रूप से तीन घण्टे क्वालिटी शिक्षा पा रहे है। पाठशाला में बच्चों को किताबी ज्ञान के साथ नैतिक ज्ञान भी दिया जाता हैं। सभी बच्चें पाठशाला में आते ही प्रार्थना करते है व साफ सफाई का विशेष ध्यान देते है। समय समय पर बच्चो का लिखित व मौखिक टेस्ट लिया जाता है जिससे कमजोर बच्चों पर अधिक ध्यान केन्द्रित किया जा सके। बच्चों की रूचि बनाये रखने के लिए उन्हे समय समय पर ज्ञानवर्द्धक खेल व विडियों दिखाये जाते है सभी बच्चे पाठशाला में मन लगाकर अपनी शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं

- **पर्यावरण व स्वच्छता :-** पर्यावरण सरंक्षण के लिए राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान द्वारा प्रभावी रूप से कार्य किया जाता है। इस त्रिमाही में संस्थान द्वारा 70 से अधिक छायादार व फलदार वृक्षो का रोपण किया गया। संस्थान द्वारा विद्यालय, मंदिर, सडक किनारे व पंचायत भवन के आस पास वृक्ष लगाकर प्रकृति को हरा भरा बनाया। लगाये गये पेडों की सुरक्षा के लिए ट्रि गार्ड लगाये गये जिससे जंगली जानवरों से उन्हें सुरक्षा मिलेगी। समय समय पर पेडों की जांच कि जाती है। और उनकी खाद पानी की व्यवस्था कि जाती है। निकट भविष्य में लगाये गये वृक्ष आते जाते मुसाफिरों व पशु पक्षियों को छाया व आसरा प्रदान करेंगे और हमारे पर्यावरण को हरा भरा बनायेंगे।





- **सेव स्पेरॉअ :-** हमारे आंगन को रोज सुबह खुशनुमा बनाने वाली गौरेया चिडिया के संरक्षण के लिए राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान द्वारा ईको फ्रेंडिली घोसले बनाने का कार्य किया जाता है इस त्रिमाही में

Rajasthan Samgrah Kalyan Sansthan
Vol - 7 # Issue - 3
News Letter
July 2017 to September 2017
Parivartan

संस्थान द्वारा विभिन्न स्थानों पर 17 ईको फ्रेडिली घोसले लगाये गये। ये घोसले मंदिर, विद्यालय, पेडो, घरो, के ऊपर लगाये गये। अब लगाये गये घोसलों में गौरेया चिडिया का आवास हो रहा है। जिसमें उस क्षेत्र की गौरेया चिडिया की संख्या में वृद्धि देखने को मिल रही है।

- **स्वास्थ्य :-** राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान द्वारा कई वर्षो से स्वास्थ्य जैसे विषयों पर सफलतापूर्वक कार्य किया जा रहा है जो कि निम्न प्रकार से है :-
  - **मच्छर दानी वितरण कार्यक्रम :-** आज के समय में मच्छर से होने वाले बिमारियॉं अपना पैर पसार रही है। इसी को मद्‌देनजर रखते हुए राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान द्वारा मच्छर प्रभावित क्षेत्रों में मच्छर दानी वितरण किया गया। इस त्रिमाही में 175 मच्छर दानी व राजस्थान के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में वितरण कि गयी। बाढ़ में दुषित पानी के भराव के कारण मच्छरों का आवास अधिक हो रहा है। जिससे वहॉं के लोगों को परेशानी का सामना करना पड रहा था। परन्तु अब मच्छरदानी के उपयोग से सभी लोग चैन की मिठी नींद ले पायेंगे।



  - **सेनेटरी नेपकिन पेड वितरण कार्यक्रम :-** महिलाओं के मासिक धर्म को सुरक्षित बनाने के लिए राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान द्वारा निःशुल्क सेनेटरी पेढ का वितरण किया गया। गरीब व ग्रामीण क्षेत्र की महिला मासिक धर्म के दौरान कपडा, रूई आदि उपयोग में लेती है। जिससे महिलाओं को कई प्रकार के संक्रमण हो जाते है। अतः पीसांगन क्षेत्र के दुर्गम गॉंव की 155 महिलाओं को 380 से अधिका सेनेटरी पेढ वितरण किये गये। सेनेटरी पेढ के माध्यम से महिला अपने मासिक धर्म को सुरक्षित कर पायेगीं। सभी महिलाऍं बेहद खुश है क्योंकि सेनेटरी पेढ उनकी पहुॅंच में है और सरलता से उपयोग कर पायेगी।



Rajasthan Samgrah Kalyan Sansthan
Vol - 7 # Issue - 3
News Letter
July 2017 to September 2017
Parivartan

- **बाडमेर बाढ :-** पश्चिमी राजस्थान में भीषण बारिश के कारण आई बाढ़ से जन जीवन तहस नहस हो गया। बाढ़ में लोगो के खेत और गाय बकरी बह गये। अधिकांश लोगों के घर तबाह हो गये जिससे लोगों को कठिनाईयों का सामना करना पड रहा है। राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान द्वारा बाढ़ पीड़ित लोगों के लिए राहत कैम्प का आयोजन किया गया। राहत कैम्प में पीडित परिवारों का चयन कर उन्हें राशन किट (आटा, चावल, दाल, मसाले, तेल, साबून आदि) बॉटा गया। साथ ही पीड़ित लोगों को कम्बल और मच्छरदानी भी वितरण किया गया। जिससे पीड़ित परिवारों को कुछ राहत मिली है। संस्थान द्वारा बाढ़ प्रभावी क्षेत्र का सर्वे किया गया। जिसके आधार पर द्वितीय चरण पीड़ित परिवारों को पशुपालन के लिए गाय व बकरी दी जायेगी। जिससे वह अपने रोजगार कि शुरूआत कर सकें।



- **क्षमता निमार्ण :-** राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान स्टाफ की क्षमता निर्माण के लिए विभिन्न संस्थाओं द्वारा आयोजित कार्यशाला व क्षमता निर्माण ट्रैंनिग में भेजा जाता है। इस त्रिमाही में राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान संस्थान के सभी स्टाफ सदस्यों द्वारा विभिन्न संस्थाओं के द्वारा आयोजित क्षता निर्माण ट्रैनिंगमें अपनी उपस्थिति दर्ज कराई गई। BIRD लखलऊ द्वारा आयोजित 2 दिवसीय क्षमता निर्माण ट्रैनिंग में प्राशान्त पिंगोलिया ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस कार्यशाला में ऐग्री स्टार्टअप की आवश्यक जानकारी दि गई। वाणी इंडिया द्वारा आयोजित वार्षिक साधारण सभा में दीपक शर्मा ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इसी प्रकार सुमा चेतना अहमदाबाद द्वारा 5 दिवसीय कार्यशाला में राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान स्टॉफ पंकज शर्मा और अजरूद्धीन खान ने भाग लिया। इस 5 दिवसीय इसी प्रकार FMSF द्वारा 2 दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें दीपक शर्मा व प्रशान्त पिंगोलिया ने संस्थान का नेतृत्व किया। इस कार्यशाला में संस्थान की कार्यप्रणाली की विस्तार पूर्वक जानकारी दि गई।



Rajasthan Samgrah Kalyan Sansthan
Vol - 7 # Issue - 3
News Letter
July 2017 to September 2017
Parivartan

- <u>**सामाजिक दिवस :-**</u> संस्थान द्वारा समय समय पर आने वाले सामाजिक दिवसों को बडे हर्षोउल्लास के साथ जन समुदाय के बीच बनाया जाता है।
    - <u>**विश्व जनसंख्या दिवसः-**</u> राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान द्वारा 11 जुलाई को विश्व जनसंख्या दिवस बनाया गया। इस अवसर पर कार्यकर्ता द्वारा ग्रामीण महिला एवं पुरूषों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यशाला में जनसंख्या पर चिंता व्यक्त करते हुए जनसंख्या की नियमित करने का सुझाव रहा गया और ''हम दो हमारे दों'' का संदेश दिया गया।




    - <u>**युवा दिवस :-**</u> राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान द्वारा 12 अगस्त के युवा दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्थान द्वारा बालिका स्कूल में युवा बालिकाओं के लिए पोस्टर व निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। अच्छा प्रदर्शन कने वाली बालिका को पुरूस्कार से सम्मानित किया गय ा। युवा दिवस पर बालिकाओं ने नृत्य व गायन कर अपनी खुशी को व्यक्त किया।



- <u>**स्वतन्त्रता दिवस :-**</u> भारत के 70वें स्वतन्त्रता दिवस पर राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान द्वारा विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्थान द्वारा संचालित पाठशाला एवं उडान स्कूल में ध्वाजारोहण कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। नन्हें मुन्ने बच्चों द्वारा देश भक्ति गीत व कविता प्रस्तुत की गई और साथ ही बालिकाओं द्वारा देशभक्ति गीतों पर नृत्य प्रस्तुत किया गया। जिससे स्वतन्त्रता दिवस का कार्यक्रम रोमांचक बन गया। अन्त में सभी बच्चों को मिठाई बांटी गई जिसका सभी बच्चों ने जमकर लुफत उठाया।




- <u>**हिन्दी दिवस :-**</u> राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान द्वारा 14 सितम्बर को हिंन्दी दिवस के अवसर पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। हिन्दी दिवस पर किये गये इस कार्यक्रम में विशाल जन समुदाय ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस अवसर पर संस्थान कार्यकर्ता ने लोगों को हिन्दी भाषा महत्व व उसका इतिहास बताय, जिसे सभी लोगों ने ध्यान पूर्वक सुना।

Rajasthan Samgrah Kalyan Sansthan

Vol - 7 # Issue - 3

News Letter

July 2017 to September 2017

Parivartan

- **बालिका दिवस :-** बालिकाओं की शिक्षा व उनकी सुरक्षा के लिए राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान कई वर्षो से कार्य करती आ रहा है। इसी कडी में 24 सितम्बर को राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान द्वारा बालिका दिवस का आयोजन किया गया। ग्राम भांवता की बालिका स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिससे सभी स्कूली बालिकाओं ने बढ़-चढ़ की हिस्सा लिया। सर्वप्रथम बालिकाओं के लिए पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिससे बालिकाओं ने कन्या भ्रूण हत्या, बेटी बचाओं - बेटी पढ़ाओं जैसे मुद्धों पर सुन्दर सुन्दर चित्र बनाये। श्रेष्ठ चित्रकारी करने वाली बालिका को पुरूस्कार से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बालिकाओं ने रैली निकाल कर समाज को कन्या भ्रूण हत्या ना होने व बालिका शिक्षा का संदेश दिया।




- **खेल दिवस :-** जीवन में खेल का महत्वपूर्ण योगदान है। खेल कोई सा भी हो मनुष्य को स्वस्थ्य बनाये रखता है। इसी मुल मंत्र के साथ राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान द्वारा 29 अगस्त को खेल दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गॉव भांवता व कवंलाई में संचालित ‘‘पाठशाला’’ में बच्चों को कई प्रकार के खेल खिलाये गये। बच्चों द्वारा फूटबॉल, सोफ्ट बॉल, वॉली बॉल, क्रिकेट, खो-खो, कबड्डी जैसे खेलों का लुफ्त उठाया गया। इसी खेल प्रतियोगिता में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले बच्चों को ईनाम दिया गया और उनका उत्साह वर्धन किया गया।



- **शिक्षक दिवस :-** जीवन में शिक्षक की भूमिका महत्वपूर्ण है। गुरू दर्जा भगवान से भी ऊपर माना गया। क्योकिं एक शिक्षक ही मनुष्य के भविष्य का निर्माण करता है और उसको सफल बनाता है। राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान द्वारा इस त्रिमाही में 14 सितम्बर को शिक्षक दिवस बड़ी हर्षो उल्लास के साथ बनाया गया। इस अवसर पर ‘‘पाठशाला’’ स्कूल व उडान स्कूल के अध्यापिकाओं को सम्मानित किया गया। व साथ ही संस्थान द्वारा आयोजित कौशल विकास प्रशिक्षण में कार्य करने वाली मास्टर ट्रेनरों को सम्मानित किया गया।




- **अन्तराष्ट्रीय शान्ति दिवस :-** राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान समाज में सुख शांति स्थापना के लिए सफलता पूर्वक कार्य कर रही है। समाज में

फैली कुरीतियों, जात – पात धर्म, भेद भाव, अमिरी गरिबी के अन्तर को मिटाने के लिए समय – समय पर कई प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करती है। इसी कडी में 21 सितम्बर को राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान द्वारा अर्न्तराष्ट्रीय शान्ति दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पीसांगन ब्लॉक के कई दुर्गम गॉवों में कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें सभी प्रकार के भेद भाव को मिटा कर शांति के साथ रहने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर जन समुदाय की सहमति दर्ज की गई और उन्हें शांति बनाये रखने की शपथ दिलाई गई।

- **पुरूस्कार/ सम्मान :-** राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान पिछले 25 वर्षो से निःस्वार्थ भाव से समाज कल्याण का कार्य कर रही है। महिलाओं के हित और उनको आत्मनिर्भर बनाने के लिए हर सम्भव कार्य किये जा रहे है। जिसमें लिए प्रतिष्ठित संस्थानों द्वारा समय समय व राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान को सम्मानित किया जाता है। राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान के कठिन परिश्रम द्वारा संस्थान को कई विशेष पुरूस्कार से सम्मानित किया गया है जो कि निम्न प्रकार है –
  - ग्रेट नॉन प्रोफिट :- राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान को 2017 में ग्रेट नॉन प्रोफिट का सम्मान मिला। ये सम्मान संस्थान को सकारात्मक रिव्यू के लिए मिला है।
  - जिला स्तरीय सम्मान (15 अगस्त) :- जिला स्तर पर श्रेष्ठ सामाजिक कार्य करने के लिए राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान को "स्वतन्त्रता दिवस" (15 अगस्त 2017) पर जिला अपर न्यायाधिश पीसांगन द्वारा सम्मानित किया गया व शुभकामनायें भी दी गई की संस्थान अपना कार्य भविष्य में भी निंरतर रूप से करती रहेगी।



  - ग्लोबल गिविंग :- विश्व स्तरीय संस्थान ग्लोबल गिविंग ने विश्व में टॉप 10 संस्थाओं का चयर किया जो अपने कार्यो को सफलतापूर्वक कर रही है जिसमें राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। ग्लोबल गिविंग द्वारा 2017 में टॉप 2 संस्थान को सम्मान मिला।
  - गाईड स्टार :- राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान द्वारा किये जाने वाले सभी सामाजिक कार्यो में पारदर्शित व किये गये कार्य के बेहतर फिडबेक व फोलोअप के लिए विश्व स्तरीय संस्थान गाईड स्टार ने 2017 में सम्मानित किया गया। संस्थान के सभी कार्यो में पारदर्शीता के लिए ये सम्मान मिला।
  - भामाशाह सम्मान :- राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान पिछले कई वर्षो से बालिकाओं की शिक्षा विकास के लिए कार्य कर रही है। जिसके लिए संस्थान की विभिन्न स्थानों से 5 भामाशाह सम्मान मिला।